# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS

## COMPILED BY MEDIA CELL (14.10.2024)

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 14.10.2024, PAGE-02**

# बिहार विश्वविद्यालय व काशी विद्यापीठ में एमओयू

## कुलपति बोले, दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का होगा प्रयास

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के बीच एमओयू किया गया है। इस पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रो. (डा.) आनंद कुमार त्यागी व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति प्रो. (डा.) दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया। एमओयू के बाद कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से हुए समझौते के गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय हमेशा कार्य करेगा। दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का प्रयास किया जाएगा।

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि यह समझौता शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार,

- दो दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों से अब तक हो चुका एमओयू
- देश व विदेश के कई विश्वविद्यालयों से एमओयू प्रक्रिया में



बीआरए बिहार विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के बीच एमओयू • सौ. स्वयं

कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में परस्पर सहयोग के लिए किया गया है। बता दें कि कुलपति के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक देश के अंदर व विदेशी विश्वविद्यालयों से एमओयू हो चुका है तथा कई विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू प्रक्रियाधीन है।

# एमआइटी के 414 एलुमनी के सर्टिफिकेट तैयार

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** एमआइटी एलुमनी एसोसिएशन (मीटा) की लाइफटाइम मेंबरशिप लेने वाले एलुमनी का अलग से डेटा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 1050 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। अब तक जिस एलुमनी ने शुल्क जमा किया है, उनका सर्टिफिकेट तैयार किया जा रहा है। साथ ही अधिक से अधिक एलुमनी को लाइफटाइम मेंबरशिप के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक फंड तैयार हो और संस्थान के हित में बेहतर काम किया जा सके। साथ ही जरूरतमंद एलुमनी के सहयोग की भी योजना है। एमआइटी के 70वें स्थापना दिवस पर एलुमनी मीट में 414 एलुमनी के नाम का सर्टिफिकेट तैयार किया गया। हालांकि कई लोगों के ब्रांच व बैच में त्रुटि है, जिससे फाइनल नहीं हो सका है। कुछ सर्टिफिकेट पर ब्रांच या बैच अंकित

**एमआइटी एलुमनी एसोसिएशन (मीटा) की लाइफटाइम मेंबरशिप लेने वाले एलुमनी का अलग से तैयार किया जा रहा है डेटा**



ही नहीं है। इसके लिए एसोसिएशन की ओर से गूगल फार्म जारी किया गया है। लाइफटाइम मेंबरशिप लेने वाले एलुमनी को यह फार्म भरना है।

मीटा के उपाध्यक्ष फुलेंद्र कुमार सिंह ने बताया पूर्व में भी अनुरोध किया गया था कि जिन साथियों ने 2018 के बाद लाइफ मेंबरशिप की राशि 1050 रुपये जमा कर दी है, उनका डेटा बेस तैयार हो रहा है। उससे पूर्व के एलुमनी को आवश्यक सबूत प्रस्तुत करने होंगे, जिससे स्पष्ट हो सके कि लाइफटाइम मेंबरशिप के लिए आवश्यक राशि जमा की है 2018 के पूर्व का कोई डाक्यूमेंट या साक्ष्य कार्यालय में उपलब्ध नहीं है। बताया कि गूगल शीट भरने के बाद डेटाबेस तैयार किया जाएगा। उसमें जिनका नाम होगा, वही एसोसिएसन के सदस्य माने जाएंगे। उन्हीं के नाम लाइफ मेंबर सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे। उस फार्म में पता के कालम में वर्तमान पता देना आवश्यक है ताकि सर्टिफिकेट डाक से भेजा जा सके। बताया गया कि 25 अक्टूबर तक फार्म भर लें ताकि 27अक्टूबर को कार्यकारिणी की संभावित बैठक में उसकी समीक्षा कर डाक से भेजना शुरू किया जाए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE : 14.10.2024, PAGE-04

# बीआरएबीयू व काशी विद्यापीठ के बीच एमओयू



मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के बीच एमओयू हुआ है। इस पर काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. (डॉ.) आनंद कुमार त्यागी और बीआरएबीयू के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद्र राय ने हस्ताक्षर किया। एमओयू के बाद कुलपति प्रो.(डॉ.) राय ने कहा कि काशी विद्यापीठ से हुए समझौते के गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय लगातार काम करेगा। काशी विद्यापीठ के वीसी प्रो. (डॉ.) त्यागी ने कहा कि यह समझौता शोध व अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग आदि के लिए हुआ है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE -14.10.2024, PAGE-01**

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्व विद्यालय मुजफ्फरपुर एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का प्रयास किया जाएगा: कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय








**मदन मोहन ठाकुर ( बिहार ब्यूरो चीफ, विश्व गुरु भारत )**

मुजफ्फरपुर। बाबासाहेब भीमराव अम्बेद कर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर एवं महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के मध्य इव- किया गया है। MoU पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो (डॉ) आनंद कुमार त्यागी एवं बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की तरफ से कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चंद्र राय ने इस्ताक्षर किया. MoU के पश्चात कुलपति प्रो. (डॉ) दिनेश चंद्र राय ने कहा कि महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ से हुए समझौते को गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन हेतु हमारा विश्वविद्यालय सतत कार्य करेगा तथा दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का प्रयास किया जाएगा. समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के कुलपति प्रो (डॉ.) आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि यह समझौता शोध एवं अकाद मिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में परस्पर सहयोग के लिए की गई है. विदित हो कि कुलपति प्रो (डॉ) दिनेश चंद्र राय के नेतृत्व में लगभग दो दर्जन से अधिक देश के अंदर एवं विदेशी विश्वविद्यालयों से MoU हो चुका है तथा कई विश्वविद्यालयों के साथ MoU प्रक्रियाधीन है।

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 14.10.2024, PAGE-02

### विवि व कॉलेजों में बनेगी ग्रिवांस रिड्रेसल कमेटी

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के साथ ही इससे जुड़े सभी कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के लिए ग्रिवांस रिड्रेसल कमेटी का गठन किया जाएगा। दो सप्ताह के अंदर कमेटी गठित कर इसकी जानकारी यूजीसी को देनी है। ऐसा नहीं करने पर यूजीसी की ओर से संबंधित संस्थान के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यूजीसी के सचिव मनीष आर. जोशी ने इसको लेकर विश्वविद्यालय और कॉलेजों को निर्देश दिया है। कहा है कि जहां यह कमेटी गठित नहीं हो, वे दो सप्ताह के भीतर कमेटी गठित करते हुए इसकी रिपोर्ट यूजीसी को दें। विशेषकर स्नातक और पीजी स्तर के पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में कमेटी का गठन अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है। यूजीसी के पत्र में कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया है कि संस्थान कमेटी का गठन कर रिपोर्ट भेजें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। छात्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सभी संस्थानों में अनिवार्य रूप से इस कमेटी का गठन किया जाना है।

# महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से विवि का शैक्षणिक करार

## दोनों विवि के वीसी ने किया एमओयू पर हस्ताक्षर



एमओयू साइन करने के बाद दोनों विवि के कुलपति।

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी अब एक-दूसरे संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर करने में सहयोग देंगे। इसे लेकर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद त्यागी व बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। दरअसल नैक मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर बिहार विवि ने अब तक दो दर्जन से अधिक संस्थानों के साथ शैक्षणिक समझौता किया है। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि समझौते के गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए हमारा विश्वविद्यालय सतत कार्य करेगा। दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का प्रयास किया जाएगा। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने कहा कि यह समझौता शोध व अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक व विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, कॅरिकुलम विकास आदि में परस्पर सहयोग के लिए किया गया है।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE : 14.10.2024, PAGE-04


## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के साथ बीआरएबीयू का एमओयू

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर व महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के बीच एमओयू किया गया है. एमओयू पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेशचंद्र राय ने हस्ताक्षर किया. कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने कहा कि दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का प्रयास किया जाएगा. महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि यह समझौता शोध एवं अकादमिक गतिविधियों में परस्पर सहयोग, क्षमता निर्माण, शिक्षक एवं विद्यार्थी के मध्य सहयोग, सेमिनार, कार्यशाला, पुस्तकालय, करिकुलम विकास आदि में परस्पर सहयोग के लिए की गयी है. बता दें कि देश व विदेश के दो दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों से बीआरएबीयू का एमओयू हुआ है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**DAINIK JAGRAN, VARANASI CITY, DATE : 14.10.2024, PAGE - 10**

# काशी विद्यापीठ व बीआर आंबेडकर बिहार विवि के बीच हुआ समझौता

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने बीआर आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय (मुजफ्फरपुर) से शैक्षणिक आदान-प्रदान करने के लिए (एमओयू) समझौता किया है। काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी व बीआर आंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने समझौते पत्र हस्ताक्षर किया। अनुबंध के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी संयुक्त रूप से स्टार्टअप के लिए प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के तहत हुए एमओयू के अनुबंध का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य संयुक्त शोध एवं अध्ययन के अवसरों को प्रोत्साहित करना है।

इसके अलावा सेमिनार, कार्यशालाओं, तकनीकी एवं शैक्षणिक संसाधनों को साझा करना है। संयुक्त फैकल्टी डेवलपमेंट के तहत दोनों संस्थाओं के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का एक्सचेंज कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सतत विकास, आदिवासियों के विकास, पर्यावरण एवं भाषा विज्ञान के क्षेत्रों में संयुक्त शोध, परस्पर लाभ हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी कार्यक्रमों का भी संचालन सम्मिलित है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## VARANASI EDITION (UP) DATE:14.10.2024

# काशी विद्यापीठ एवं बी.आर. अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय के मध्य हुए औपचारिक समझौते -प्रो. डॉ. आनन्द कुमार त्यागी

**दर्जन से अधिक हो चुका है देश के अन्य विश्वविद्यालय एवं विदेशी विश्वविद्यालयों से औपचारिक समझौता -प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र राय**

वाराणसी। अजीत नारायण सिंह



महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एवं बी.आर. अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के मध्य रविवार को अगले पांच वर्षों के लिए दोनों पक्षों के बीच एक औपचारिक समझौता हुआ। दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रो. डॉ. आनन्द कुमार त्यागी एवं प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र राय द्वारा औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस औपचारिक समझौते का उद्देश्य दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य संयुक्त शोध एवं अध्ययन के अवसरों को प्रोत्साहित करना, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, क्षमता वर्धन कार्यशालाओं का आयोजन करना, तकनीकी एवं शैक्षणिक संसाधनों को साझा करना, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का एक्सचेंज कार्यक्रमों का आयोजन करना, संयुक्त फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम आयोजित करना, साथ ही सतत विकास, आदिवासियों के विकास, पर्यावरण एवं भाषा विज्ञान के क्षेत्रों में संयुक्त शोध, परस्पर लाभ हेतु स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी कार्यक्रमों का भी संचालन सम्मिलित है। इस मौके पर कुलपति द्वारा यह आशा व्यक्त की गई कि इस अनुबंध से दोनों ही विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी तो लाभान्वित होंगे, साथ ही सम्बद्ध अन्य शैक्षणिक संस्थाओं तथा लघु एवं कुटीर उद्यमों को भी लाभ होगा। नवाचारों एवं रचनात्मकता को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा, दोनों ही विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी विभिन्न स्टार्टअप्स हेतु संयुक्त प्रयास करेंगे। बी.आर.अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति प्रो. डॉ. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ से हुए समझौते को गंभीरता पूर्वक क्रियान्वयन हेतु हमारा विश्वविद्यालय सतत कार्य करेगा तथा दोनों संस्थानों के परस्पर सहयोग से शैक्षणिक गतिविधियों को गति देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग दो दर्जन से अधिक औपचारिक समझौता देश के अन्य विश्वविद्यालय एवं विदेशी विश्वविद्यालयों से औपचारिक समझौता हो चुका है तथा कई विश्वविद्यालयों के साथ औपचारिक समझौता प्रक्रियाधीन है।

## VARANASI NEWS PAPER (UP), DATE: 14.10.2024

# इनोवेशन, स्टार्टअप के लिए काशी विद्यापीठ ने किया समझौता

**बिहार के बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के साथ विद्यापीठ ने किया एमओयू, अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर**

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। स्टार्टअप, इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने बिहार के बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के साथ समझौता किया है। दोनों विश्वविद्यालय आपस में संयुक्त रिसर्च कराएंगे।



दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों द्वारा अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

### रिसर्च और तकनीक भी की जाएगी साझा

*संयुक्त रिसर्च को बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों विश्वविद्यालय अपने-अपने रिसर्च और तकनीक भी एक-दूसरे से साझा करेंगे। शिक्षकों और विद्यार्थियों का एक्सचेंज कार्यक्रम और संयुक्त फैकल्टी डेवलपमेंट भी होगा। इससे पूर्वी और बिहार के छात्र-छात्राओं को काफी फायदा पहुंचने वाला है। छोटे और कुटीर उद्योग को लेकर भी दोनों संस्थान अपने अनुभव साझा करेंगे।*

दोनों विश्वविद्यालय संसाधनों को साझा करने के साथ ही आदिवासियों के विकास और पर्यावरण से जुड़े कामों को बढ़ावा देंगे। यूजी, पीजी और पीएचडी कोर्स भी शुरू होंगे। मुजफ्फरपुर स्थित बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय और विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने रविवार को अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया।

कुलपति प्रो. एके त्यागी ने बताया कि ये समझौता पांच साल के लिए होगा। इससे छात्रों को लाभ मिलेगा।